कुंडल एकेडेमी आफ डेवलपमेंट, एडमिनिस्ट्रेशन एंड मेनेजमेंट, कुंडल, महाराष्ट्र के प्रशिक्षु क्षेत्रीय वन अधिकारियों का शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर भ्रमण

दिनांक 24.07.2019

कुंडल एकेडेमी आफ डेवलपमेंट, एडमिनिस्ट्रेशन एडं मेनेजमेंट, कुंडल, महाराष्ट्र के 41 प्रशिक्षु क्षेत्रीय वन अधिकारियों के दल ने दिनांक 24.07.2019 को श्री दिलीप धनजी गुजेला (सेवानिवृत्त सीसीएफ़) प्रशिक्षक, कुंडल वन अकादमी के निर्देशन में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण किया। भ्रमण के प्रारम्भ में संस्थान के संगोष्ठी कक्ष में श्री माना राम बालोच, भा.व.से. निदेशक, शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर ने प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों को संबोधित करते हुए संस्थान एवं उसके संगठन, उद्देश्य और अनुसंधान के बारे में बताया । श्री माना राम बालोच ने साझा वन प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी । श्री उमा राम चौधरी भा.व.से. प्रभागाध्यक्ष विस्तार प्रभाग ने पावर पॉइटं प्रस्तुतीकरण के द्वारा संस्थान की अनुसंधान गतिविधियां जिसमे कृषि वानिकी पद्धति, टिब्बा स्थिरीकरण, जल प्लावित भूमि का पुनर्वासन, जल प्रबंधन, कार्बन प्रच्छादन (Sequestration), बीज टेस्टिंग विधि (Seed Testing Protocol), औषधीय पौधों की जानकारी दी । इसके पश्चात परस्पर संवाद के माध्यम से प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों की जिज्ञासा का समाधान किया गया । श्री माना राम बालोच भा.व.से. निदेशक आफरी, श्री उमा राम चौधरी भा.व.से. प्रभागाध्यक्ष विस्तार प्रभाग, श्री रमेश कुमार मालपानी उप वन संरक्षक, डॉ. संगीता सिंह वैज्ञानिक-ई ने प्रशिक्षु क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा पूछे गये प्रश्नो का उत्तर देते हुए कृषि वानिकी, जैव तकनीक, जल और मृदा संरक्षण इत्यादि से संबन्धित जानकारी दी । श्री माना राम बालोच, भा.व.से. निदेशक, शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर ने श्री दिलीप धनजी गुजेला (सेवानिवृत्त सीसीएफ़) प्रशिक्षक, कुंडल वन अकादमी को संस्थान की विस्तार सामाग्री भेंट की । श्री शेराराम बालोच, वैज्ञानिक-सी और डॉ. नवीन कुमार बोहरा, वैज्ञानिक-सी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे । दिनांक 25.07.2019 को भ्रमणकारी दल ने संस्थान की प्रयोगिक पौधशाला का भ्रमण किया जहाँ, तकनीकी अधिकारी श्री सादुलराम देवड़ा ने उन्हें नर्सरी गतिविधियों संबंधी प्रक्रिया की जानकारी दी । भ्रमणकारी दल ने नर्सरी भ्रमण कर नर्सरी प्रकियाओ एवं प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। श्री उमा राम चौधरी भा.व.से. प्रभागाध्यक्ष विस्तार प्रभाग ने भ्रमणकारी दल को पौधशाला का भ्रमण करवाया।

इस भ्रमण कार्यक्रम में श्री धाना राम वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, श्री शैलेंद्र सिंह राठौड़ तकनीशियन एवं श्री तेजा राम का सहयोग रहा ।

निदेशक शुष्क वन अनुसंधान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का सम्बोधन

प्रभागाध्यक्ष विस्तार प्रभाग संस्थान की अनुसंधान गतिविधियो का पावर पॉइटं प्रस्तुतीकरण देते हुए

निदेशक, शुष्क वन अनुसंधान, अनुदेशक, कुंडल वन अकादमी को विस्तार प्रचार सामग्री भेंट करते हुए

श्री दिलीप धनजी गुजेला, निदेशक शुष्क वन अनुसंधान को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए